तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

12 सांसारिक कामनाओं से रहित होना ही सच्ची भक्तिः स्वामी युगल



11 मितानिन दिवस पर मितानिनों का किया सम्मान ...





## स्कूलों में आवारा कुत्तों की निगरानी की जिम्मेदारी शिक्षकों पर, टीचर्स एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के साथ ही अब आवारा कुत्तों की भी निगरानी करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश भर के स्कूलों को एक आदेश जारी किया है, जिसमें शिक्षकों को आवारा कुत्तों की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं इस आदेश पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश संगठन सचिव बीरबल देशमुख, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, कामता प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेन्द्र देवांगन, नीलेश देशमुख, पवन जोशी, कांतु राम चंदेल, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, जिला आईटी सेल प्रभारी हरीश कुमार साहू, शिवेंद्र बहादुर साहू, महेंद्र टांडिया, जिला महामंत्री लेखराम साहू, शेषलाल साहू, राजेश चंद्राकर, संजय ठाकुर, रवींद्र नाथ योगी, संतोष देवांगन, धीराज सिंह कस्तुरे, भूपेंद्र पांडेय, अरविंद सोनी, जगत राम साहू, रिखी धुरव, राजेन्द्र देशमुख, सूरज गोपाल गंगबेर, गजेंद्र रावटे, अविनाश साहू सहित सभी पदाधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए इसे अव्यवहारिक निर्णय बताते हुए इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस संबंध में सभी जेडी और डीईओ को आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत सभी स्कूलों में नोडल अधिकारी के नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं।

### लोक शिक्षण संचालनालय के नए आदेश पर शिक्षकों में नाराजगी


लोक शिक्षण संचालनालय

#### कुत्तों की सूचना निगम और पंचायत को देंगे

जारी आदेश के अनुसार, शिक्षक स्कूल परिसर के आस पास विचरण कर रहे आवारा कुत्तों की सूचना ग्राम, जनपद पंचायत और निगम के डॉग कैचर को देंगे। इसके बाद स्थानीय प्रशासन सहयोग से शाला में आवारा कुत्तों के प्रवेश के संबंध में सभी जेडी और डीईओ को आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत सभी स्कूलों में नोडल अधिकारी के नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश के अनुसार शिक्षक स्कूल परिसर के आस-पास विचरण कर रहे आवारा कुत्तों की सूचना ग्राम, जनपद पंचायत और निगम के डॉग कैचर को देंगे। इसके बाद स्थानीय प्रशासन सहयोग से शाला में आवारा कुत्तों के प्रवेश की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध किये जायेंगें। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद ने इस अव्यवहारिक आदेश पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस आदेश के बाद से ही प्रदेशभर के शिक्षकों में नाराजगी है। पदाधिकारियों ने इस इस आदेश को अव्यावहारिक व शिक्षकीय गरिमा के विरुद्ध तथा अतिरिक्त कार्यभार वाला बताया है। शिक्षकों पर इसके अलावा बहुत सी अन्य जिम्मेदारियां है, पढ़ाने के साथ दूसरे गैर शिक्षकीय कार्यों में लगे हैं। कुत्तों की निगरानी स्थानीय प्रशासन को करना चाहिए। गैर शिक्षकीय कार्य शिक्षकों को सौंपा जा रहा यह गलत है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल



**गुरूर।** संजारी बालोद के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने बोहरडीह के पास सड़क दुर्घटना मे घायल हुए कनेरी के युवक को अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया, अस्पताल पहुंचाने के बाद वहां रुककर घायल युवक के इलाज के कार्य का निरीक्षण किया, युवक को सिर पर गंभीर चोट था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया।

### ग्राम पैरी के पास संदिग्ध हालत में मिला अज्ञात शव

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पैरी के पेट्रोल पंप से लगे धरसा रोड के किनारे अज्ञात शव को देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सुचना गुण्डरदेही थाना को दी। उक्त शव सिकोसा से पैरी के बीच स्थित धरसा मार्ग से लगे खाली जगह में मिला है। जिसके बाद थाना की टीम पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही लाया गया। परंतु पहचान नहीं होने के कारण राजनंदगांव रिफर कर दिया गया। मृतक पहचान करीबन 40 से 50 वर्ष के मध्य सफेद चेकदार फुल शर्ट एवं नीला रंग पहना है कमर में काला रंग का रेशम पहना है, दोनों पैर में चोट का निशान बताया गया। गुण्डरदेही आस पास के थाना को सूचना पहचान हेतु भेजा गया है। बताया जा रहा है शव दो-तीन दिन से अधिक होने के कारण पहचान नहीं हो पा रहा है।

### 5 लाख का गांजा ले जाते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रिसामा रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने ओडिशा निवासी एक युवक को ट्रॉली बैग में गांजा लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया है। उसके बैग से 9 किलो 668 ग्राम अवैध गांजा मिला है, जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की गई। मामला अंडा थाना क्षेत्र का है। 22 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि टांगरपाड़ा, तोरा, बरगढ़ ओडिशा का रहने वाला शखील बाग नाम का युवक गांजा लेकर दल्लीराजहरा जाने वाली लोकल ट्रेन से रिसामा पहुंचेगा और आगे इसे अंडा इलाके में बेचने की कोशिश करेगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर दी। शाम करीब 6 बजे यात्री प्रतीक्षालय में आरोपी को पकड़ लिया गया। उसके ट्रॉली बैग से दो प्लास्टिक बैगों में भरा कच्चा दानेदार गांजा, एक रियलमी मोबाइल और 1350 रुपए मिले। जांच में पता चला कि आरोपी संबलपुर से ही बैग में गांजा भरकर निकला था। वह पहले दुर्ग जंक्शन उतरा और फिर लोकल ट्रेन से रिसामा पहुंचा।

### प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** पुलगांव पुलिस ने नशीले कफ सिरप की तस्करी करने वाले अजय कुमार यादव उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से प्रतिबंधित कफ सिरप की 29 शीशियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि विगत 30 अक्टूबर को पुलिस ने पीसेगांव बांधा तालाब रोड के पास कार्रवाई की थी। उस समय आरोपी संजय तिवारी और वासु चंद्राकर को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 130 शीशियां ट्रिप्रोलिडिन कोडीन सिरप, दो मोबाइल, दो वाहन और तीन हजार रुपए की बिक्री रकम बरामद हुई थी। इन दोनों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था।

## धान खरीदी

### कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## अस्वच्छ और नमी धान की खरीदी कदापि न करें : कलेक्टर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि धान खरीदी का कार्य किसान हित से जुड़े होने के कारण शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी।

कलेक्टर मिश्रा जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र गुजरा, डौण्डी एवं गुदुम का निरीक्षण कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र गुजरा के निरीक्षण के दौरान अपने कार्य में अनुपस्थित रहने के कारण निगरानी समिति के सदस्य एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भिलेन्द्र साहू तथा धान खरीदी केन्द्र गुदुम के नोडल अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

- रकबा समर्पण, ऑनलाइन टोकन और नमी मापन का किया निरीक्षण

इसी तरह धान खरीदी केन्द्र डौण्डी के निरीक्षण के दौरान अपने कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने तथा उनका कार्य संतोषप्रद नही पाए जाने पर धान खरीदी केन्द्र डौण्डी के समिति प्रबंधक रजऊराम ठाकुर को तत्काल हटाकर उनके स्थान पर नए समिति प्रबधंक की नियुक्ति की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों, समिति प्रबंधकों तथा निगरानी दल में शामिल सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ-सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों, निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्र में अनिवार्य रूप से संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम सुरेश साहू, जिला खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी सहित कृषि उपज मंडी तथा संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों के साथ धान खरीदी केन्द्र गुजरा में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आज किसानों को जारी किए गए टोकर एवं गेट पास आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों को केवल ऑनलाईन टोकन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल विशेष परिस्थितियों में अत्यधिक वृद्ध एवं बीमार व्यक्तियों के अलावा जिन कृषकों के पास मोबाईल नही है उन्हीं — षकों का आवश्यकतानुसार ऑफलाईन टोकन काटा जाए। ▶▶ शेष पेज 10 पर



## नगर पालिका परिषद द्वारा स्वनिधि संकल्प अभियान शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को स्वनिधि संकल्प अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरी पथ विक्रेता शामिल हुए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने इस अवसर पर बताया कि स्ट्रीट वेंडर्स शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो आम जनता को रोजमर्रा की वस्तुएँ किफायती दरों पर उपलब्ध कराते हैं।

- स्ट्रीट वेंडरों को 50 हजार तक लोन दिलाने नगर पालिका की पहल तेज

उन्होंने बताया कि कोविड-19 और लॉकडाउन के दौरान इनकी आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ा था। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 1 जून 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की थी। योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को क्रमिक रूप से कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जाता है—पहला लोन रु 15,000, दूसरा लोन रु 25,000 और तीसरा लोन रु 50,000—ताकि वे अपना व्यवसाय पुनः पटरी पर ला सकें।

नगर पालिका द्वारा 14 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक विभिन्न वार्डों और बैंकों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं तक योजना का लाभ पहुँच सके। शिविर में विशेष ध्यान उन वेंडरों के लंबित प्रकरणों पर दिया जा रहा है, जिनके लोन आवेदन बैंक स्तर पर अटके हुए हैं।

इस अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक और पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं में विशेष शिविर लगाए गए, जिसमें वेंडरों को स्वनिधि से समृद्धि योजना, डिजिटल लेनदेन, प्रोफाइलिंग और अन्य आर्थिक उन्नयन संबंधी जानकारी दी गई। सिटी मिशन मैनेजर केतन नायक ने बताया कि वार्ड स्तर पर मुनादी कराकर वेंडरों को शिविर में बुलाया जा रहा है। इस अभियान के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सरकारी रेट और बाजार भाव अब होंगे एक समान

### भूमि खरीदी-बिक्री की बड़ी समस्या का हुआ समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

जमीन खरीदने-बेचने में वर्षों से चली आ रही सबसे बड़ी समस्या—सरकारी रेट (सर्कल रेट) और वास्तविक बाजार भाव के बड़े अंतर—का अब समाधान होता दिख रहा है। राज्य सरकार ने नया आदेश जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि सर्कल रेट को हर क्षेत्र में वास्तविक बाजार मूल्य के अनुरूप संशोधित किया जाएगा। इस कदम से भूमि लेन-देन में पारदर्शिता, सरलता और विश्वसनीयता बढ़ने की उम्मीद है। सरकार का यह फैसला उन नागरिकों, निवेशकों और व्यवसायियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, जो अब तक दो अलग-अलग दरों के कारण उलझन, विवाद और जटिल प्रक्रियाओं से परेशान रहते थे। राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विपिन मांझी ने बताया कि सरकारी रेट और बाजार भाव में भारी अंतर की वजह से रजिस्ट्री में कई तकनीकी और कानूनी दिक्कतें आती थीं।

- रजिस्ट्री से लेकर स्टाम्प शुल्क तक प्रक्रिया सरल

उन्होंने कहा कि नए आदेश के बाद प्रत्येक क्षेत्र में वास्तविक खरीद-बिक्री के औसत मूल्य को आधार बनाकर सर्कल रेट तय किए जाएंगे। इससे अंडर-वैल्यूएशन, कर चोरी और गलत मूल्यांकन की समस्याएं काफी हद तक खत्म होंगी। जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थानीय बाजार दरों का सर्वे कर संशोधित प्रस्ताव समय-सीमा में भेजें। ▶▶ शेष पेज 10 पर

### भूमि व्यवसायियों ने बताया पारदर्शिता वाला कदम

लैंड ब्रोकर आशु महराज, बोमेश बागरिया और आशीष वर्मा ने कहा कि सरकारी रेट और बाजार भाव के अंतर की वजह से सौदों में संदेह और विवाद की स्थिति बनती थी। उनका मानना है कि नए नियम से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का भरोसा मजबूत होगा। भूमि कारोबारी मोहित वाहीले ने कहा कि दोनों दरें समान होने से खरीदारों और निवेशकों को जमीन की वास्तविक कीमत समझने में आसानी होगी। इससे बैंकों को भी मूल्यांकन में मदद मिलेगी।

### नागरिकों की राय

स्थानीय निवासी रामनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि पहले असली कीमत का अंदाजा लगाना मुश्किल था। अब एकसमान दर होने से भुगतान और रजिस्ट्री दोनों आसान होंगे। युवा निवेशक आरव मिश्रा का मानना है कि सही रेट से धोखाधड़ी और गलत लेन-देन की संभावना कम होगी।

## अखिल भारतीय वन खेलकूद स्पर्धा में छत्तीसगढ़ को मिला रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियां भारती भुआर्य ग्राम धौराभाटा और ऊर्वशी कोर्राम वनांचल ग्राम रेंगाडबरी ने एक बार फिर बालोद जिले और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ वन विभाग की महिला बास्केटबॉल टीम की नियमित सदस्य हैं और देहरादून उत्तराखंड में आयोजित 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। भारती और ऊर्वशी के बेहतरीन खेल के दम पर छत्तीसगढ़ की टीम फाइनल तक पहुँची और रोमांचक मुकाबले के बाद रजत पदक जीतने में सफल रही। फाइनल मैच में हिमाचल प्रदेश की टीम से कड़ा मुकाबला हुआ, जहाँ मैच आखिरी मिनट तक संघर्षपूर्ण बना रहा। मात्र एक अंक के अंतर से हिमाचल प्रदेश विजयी रहा और छत्तीसगढ़ को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी पिछले सात वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ वन महिला बास्केटबॉल टीम का हिस्सा ▶▶ शेष पेज 10 पर

- विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री व वन मंत्री ने दी बधाई

### भारती और ऊर्वशी ने बढ़ाया जिले का मान, राष्ट्रीय मंच पर दमदार प्रदर्शन



### सिन्हा समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

## देवकोट में सहस्रबाहू जयंती मनाई एवं सिन्हा समाज भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम देवकोट में ग्रामीण स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती समारोह एवं सिन्हा समाज भवन लोकार्पण किया गया। लोकर्पण समारोह के मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता जिलामंत्री डडसेना कलार समाज जिला बालोद चंद्रहास सिन्हा ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कलार समाज एवं उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर दुर्गुराम राम सिन्हा, मंडलेश्वर कलार समाज जिला बालोद चंदन लाल सिन्हा, सचिव कलार समाज मंडल गुरुर मानिक राम सिन्हा, कोषाध्यक्ष कलार समाज मंडल गुरुर लेखराम सिन्हा, संरक्षक कलार समाज मंडल गुरुर जनार्दन सिन्हा, कोषाध्यक्ष महिला मंच मंडल गुरुर एवं उपसरपंच ग्राम पंचायत देवकोट वेदनंदिनी गजेंद्र, कोषाध्यक्ष समाज मंडल भाखारा मोहनलाल सिन्हा, जिला सचिव भवन निर्माण बालोद देवनारायण सिन्हा, क्षेत्रधिकारी परसुली परिक्षेत्र मंगल गुरुर ललित गजेंद्र, पूर्व क्षेत्रधिकारी परसुली परिक्षेत्र मंडल गुरुर नेकराम सिन्हा, गुलाब जनपद सदस्य गुरूर राम सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत देवकोट उषाबाई पालेश्वर, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत देवकोट नागकेशर सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य गुरूर शारदा गजेंद्र, पंच ग्राम पंचायत देवकोट तुलेशवरी सिन्हा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा पूजा आरती कर किया गया, इसके बाद सिन्हा समाज के लोंगो द्वारा मंगल कलश शोभायात्र निकाली गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार उद्बोधन एवं सिन्हा समाज भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए सिन्हा समाज को एकजुट रहने एवं सामाजिक कुरीतियों और विसंगतियों को दूर कर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संदेश दिया। बहादुर कलारीन माता का उदाहरण देते हुये उन्होंने कहा हर किसी भी व्यक्ति के अंदर असाधारण प्रतिभा छुपी रहती है हमें उसकी पहचान कर ऐसे लोगों को सामाजिक कार्यों में आगे लाकर समाज,परिवार एवं गांव का नाम रोशन करना चाहिए और माता बहादुर कलारीन जैसे धर्म के कार्य करने चाहिए।

- सामाजिक कुरीतियों को मिटाकर आगे बढ़ने का आह्वान




संगीता सिन्हा स्वयं सिन्हा समाज से आती हैं और विधायक बनकर इस समाज का नाम रोशन कर बहुत आगे लेकर आई हैं। इस अवसर पर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### शाला त्यागी व लंबी अनुपस्थित विद्यार्थियों की काउंसलिंग शिक्षा से जोड़ने प्रयास जारी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता अजय पाठक एवं हेपशीबा एंथोनी द्वारा प्राचार्य आर.के. देवांगन की अनुमति से लंबे समय से अनुपस्थित तथा शाला त्यागी छात्र–छात्राओं को पुनः स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए गए हैं। इन प्रयासों में विशेष रूप से उन विद्यार्थियों पर ध्यान दिया जा रहा है, जिन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी है या वे छात्र जो बोर्ड कक्षा के फॉर्म भरने के बावजूद शाला नहीं आते, तथा बिना सूचना के कक्षाओं के दौरान स्कूल छोड़कर चले जाते हैं।

इस समस्या के समाधान हेतु शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के पालकों, ग्राम प्रमुखों और सरपंचों से भी निवेदन किया जा रहा है कि ऐसे सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने में सहयोग करें, ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में वापस जोड़ा जा सके। इसके बाद विद्यालय में इन विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई, जिसमें यह समझने का प्रयास किया गया कि कहीं उनकी अनुपस्थिति का कारण आर्थिक तंगी, स्वास्थ्य समस्या, पारिवारिक परेशानी, प्रतिकूल माहौल या किसी प्रकार की लत तो नहीं है। उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य सहित समस्त शाला परिवार ने दोनों व्याख्याताओं के इस समर्पण एवं संवेदनशील पहल की सराहना की।

### बायपास के पास से शराब कोचिए पकड़ाए, 36 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो शराब कोचिये के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से 36 पौवा शराब जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

**आयोजन : 1 करोड़ 21 लाख की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवन से ग्रामीणों में उत्साह**

# ग्राम पीपरछेड़ी में स्कूल भवन का भूमिपूजन और डोम शेड का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम पीपरछेड़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के भूमिपूजन एवं डोम शेड लो का प ंण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर उपस्थित थे।

■ मुख्य अतिथि ललित ने किया स्कूल भवन निर्माण का शुभारंभ, मंच निर्माण की घोषणा भी की

कार्यक्रम के दौरान 1 करोड़ 21 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नवीन स्कूल भवन का भूमिपूजन एवं डोम शेड का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने संबोधन में घोषणा की कि विद्यालय परिसर में मंच का निर्माण किया जाएगा। यह विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सभी ग्रामीणजनों को हार्दिक बधाई प्रेषित की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में ग्राम पीपरछेड़ी के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम ग्राम पीपरछेड़ी के लिए शिक्षा एवं विकास के नए युग की शुरुआत है आने वाले समय में इस स्कूल के विकाश के लिए जो भी राशि की जरूरत होगी उसे पूरा करेंगे।

कार्यक्रम में ग्रामीणों नें शिक्षा अवसंरचना विकास को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि इस नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण की प्राप्ति होगी। भविष्य में और अधिक विकास कार्यों का आश्वासन मिला। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्रकार, उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव, भाजपा महामंत्री बालोद राकेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सारस्वती टेमरिया, जनपद सदस्य हुलसी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेन्द्र साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष बालोद कृष्णा राम साहू तथा पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष गजेंद्र भेड़िया उपस्थित थे। इसके साथ श्रवण ठाकुर, सरपंच कृष्णा साहू, प्रभारी प्राचार्य एमएल. सार्वा, असवन बारले, दयानंद साहू, नरेंद्र सिन्हा, चंद्रकुमार गांधी, भंवरलाल भूतड़ा, सरपंच गण जालम पड़ौदी, दिनेश साहू, प्रदीप साहू, मनीष गांधी सहित अनेक ग्रामीणजन, छात्र, छात्राएं एवं शिक्षकगण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक उपस्थित थे।

# कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुजरा में अवैध धान जप्ती की जांच की

**अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के फुटकर धान व्यापारी पन्नू लाल के घर में पहुंचकर खाद्य विभाग एंव कृषि उपज मंडी की जांच टीम द्वारा जब्त किए गए अवैध धान का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी के अधिकारियों को जब्त किए गए सभी धान बोरे में अनिवार्य रूप से जप्ती के सील लगाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी के जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा फुटकर धान व्यापारी पन्नूलाल के घर में जाँच के दौरान उनके पास कृषि उपज मंडी द्वारा उन्हें जारी किए गए अनुज्ञप्ति के आधार पर 10 क्विंटल से बहुत अधिक मात्र में ध गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाँच दल के अधिकारियों द्वारा 75 कट्टा अतिरिक्त धान की जप्ती की कार्रवाई की गई है। जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा जब्त किए गए कुल 75 कट्टा धान बोरियों में सील आदि लगाने की सभी कार्रवाई सुनिश्चित कर फुटकर व्यापारी श्री पन्नूलाल कोरेटिया के सुपुर्दगी में दी गई है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम सुरेश साहू सहित जिला पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में दुर्गम क्षेत्रों में हर घर तक पहुंचा लोकतंत्र



**दल्लीराजहरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने इस बार दूरदराज के क्षेत्रों में भी अपना असर दिखाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीमें और बीएलओ उन दुर्गम बसाहटों तक पहुंचे, जहां पहले सरकारी दस्तक मुश्किल से पहुंचती थी। टीमों ने दल्लीराजहरा के नज़दीकी महामाया नलकसा, तुवेदणड, कोटागांव, आड़ेझर, सिंघोला, मंगलतरई सहित पहाड़ी अंचलों, घने जंगलों और नदी-नालों से गुजरते हुए घर-घर गणना पत्रक वितरित किए। अभियान का उद्देश्य स्पष्ट है—कोई मतदाता सूची से वंचित न रहे। सिंघोला के ग्रामीणों ने कहा, पहली बार कोई टीम इस रास्ते से पैदल हमारे गांव तक आई है। अब हमारी आवाज़ गिनी जाएगी। कोटागांव की एक बुजुर्ग महिला ने कहा, पहले कई बार नाम नहीं चढ़ पाया था। इस बार बीएलओ खुद आकर फ़ॉर्म भरवा रहे हैं, अच्छा लग रहा है। मुख्य आंकड़ों के अनुसार, जिले में वर्तमान में पंजीकृत मतदाता संख्या अपडेट की जा रही है। वर्ष 2025 की मतदाता सूची को आधार बनाकर घर-घर जाकर गणना पत्रक बांटे जा रहे हैं और अब तक 47.02% गणना पत्रक प्राप्त कर डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। वर्ष 2025 के मतदाताओं का मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से किया जा रहा है। प्रारंभिक प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा, दावे–आपत्तियाँ 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएँगी और अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा, दुर्गम इलाके हमारे लिए चुनौती नहीं, जिम्मेदारी हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता है। हमारी टीमें हर घर तक पहुंच रही हैं ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। बीएलओ ईश्वरी सोनवानी ने कहा, कई गांव ऐसे हैं जहां पहुंचने के लिए दो-दो घंटे पैदल चलना पड़ता है। लेकिन जनता का सहयोग बहुत अच्छा मिल रहा है। लोग फॉर्म खुद भरने में मदद कर रहे हैं और जागरूकता बढ़ रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ सूची सुधारने का कार्य नहीं बल्कि जनभागीदारी बढ़ाने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का प्रयास साबित हो रहा है।

# घुमंतू कुत्तों के नियंत्रण के लिए सरकार ने लागू किया मेगा कंट्रोल प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली-राजहरा



बालोद जिले और प्रदेश में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या और उनके आतंक को रोकने के लिए सरकार ने सात विभागों को एकजुट कर 'मेगा कंट्रोल प्लान' लागू कर दिया है। इस अभियान में स्कूल शिक्षा विभाग की भी अहम जिम्मेदारी तय की गई है, जिससे अब स्कूलों की सुरक्षा पर शिक्षकों की नजर भी पैनी रहेगी।

■ अब आवारा कुत्तों पर लगेगी पढ़ाई की लगाम जिम्मेदारी शिक्षकों समेत 7 विभागों पर

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्च-स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगरीय प्रशासन, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और पशुधन विकास विभाग मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। अभियान के तहत एक हफ्ते में स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और खेल मैदान जैसी उन जगहों की पहचान की जाएगी, जहां आवारा कुत्तों की बेधड़क आवा-जाही होती है। चिन्हित स्थानों पर गेट, फेंसिंग, चेतावनी बोर्ड और रोकथाम उपाय लगाए जाएंगे। हर स्थान पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो अभियान की निगरानी करेगा। विभाग एक-दूसरे से समन्वय बनाकर अभियान को तेज और प्रभावी बनाएंगे। सरकार का मानना है कि बहु-विभागीय इस प्लान के जरिए न केवल कुत्तों के आतंक पर लगाम लगेगी, बल्कि सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा भी मजबूत होगी। विशेष रूप से अब शिक्षा विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए शिक्षक 'डॉग-वॉच' मोड में रहेंगे और स्कूलों में कुत्तों के घुसने से रोका जाएगा।

### छ.ग शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षकों को आवारा कुत्तों की रिपोर्टिंग के आदेश पर जताई आपत्ति



**डौंडीलोहारा।** राज्य सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों में शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और निगम को देने का आदेश जारी किए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने आपत्ति जताई है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना प्राथमिक कर्तव्य है, न कि आवारा कुत्तों की निगरानी। फेडरेशन ने यह भी कहा कि अधिकांश स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं हैं या वे जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं, जिससे शिक्षक और शाला प्रमुख आवारा कुत्तों तथा असामाजिक तत्वों से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते। ऐसे आदेशों से शालेय वातावरण दूषित होता है और बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षकों की अधिकतर ड्यूटी एसआईआर में बीएलओ के रूप में लगाई गई है और बोर्ड/अन्य परीक्षाओं के लिए समय बहुत कम बचा है। पदोन्नति के कारण अनेक स्कूलों में विषय शिक्षक विहीन होने की स्थिति बन रही है। फेडरेशन ने प्रशासन से अपील की है कि शिक्षकों को असंबंधित जिम्मेदारियों से हटाकर मुख्य कार्य शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने दिया जाए।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं को गणना पत्र प्रदान करने एवं गणना प्रपत्रें को डिजिटाइज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 04 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि जिले के संजारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण कर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर बीएलओ एप में ऑनलाइन किया जा रहा है। उक्त कार्य में उत—ष्ट प्रदर्शन करते हुये विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के मतदान केन्द्र क्रमांक 160 सनौद के बूथ लेवल अधिकारी समता साहू एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 92 कांडे के बीएलओ त्रिवेणी तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के मतदान केन्द्र चाराचार के बीएलओ कल्पना टंडन एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 69 छोटे पिनकापार के बीएलओ संगीता गजभिजे ने बालोद जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले प्रथम बीएलओ होने का गौरव प्राप्त किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसएडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर मिश्रा ने शिक्षण संस्थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा एवं प्राथमिक शाला गुदुम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों से अध्ययन–अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने प्राथमिक शाला गुदुम के निरीक्षण के दौरान बच्चों के मध्यान्ह भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता को परखा। बच्चों को स्कूल में प्रदान की जाने वाली मध्यान्ह भोजन बहुत ही स्वादिष्ट एवं गुणवत्तायुक्त होने पर कलेक्टर ने भूरी–भूरी सराहना की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष ने भी मध्यान्ह भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता की सराहना की। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अजय से बातचीत कर उनके आँख के परेशानियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानपाठक को तलब कर छात्र अजय कुमार के आँख की समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

■ मध्यान्ह भोजन का स्वाद और गुणवत्ता देखकर कलेक्टर ने की सराहना

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पहुंचकर अध्ययन–अध्यापन के व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से पढ़ाई–लिखाई के अलावा उनके कक्षा 10वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणामों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को खूब मेहनत कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने की सीख भी दी। इस दौरान उन्होंने गणित विषय के विद्याथएँ ओमेश्वर से बातचीत कर उनके मेंटर के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों द्वारा संबंधित छात्र का मेंटर शिक्षिका रमेश्वरी यादव होेने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने संबंधित मेंटर शिक्षिका को तलब कर अपने विद्याथएँ के पढ़ाई–लिखाई का समुचित मॉनिटरिंग करने तथा उनके माता–पिता से भी चर्चा करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा जेईई और नीट की परीक्षाओं के लिए कोचिंग आयोजित करने की भी जानकारी दी। मिश्रा ने बच्चों को कड़ी मेहनत करते हुए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जेईई और नीट के कोचिंग में अपने प्रवेश सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने कक्षा 11वीं में पहुँचकर बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए कक्षा 11वीं की पढ़ाई पूरे मनोयोग से करने की समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने संस्था के प्राचार्य से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली।

मिश्रा ने प्राथमिक शाला गुदुम के निरीक्षण के दौरान आज अध्ययन–अध्यापन के विषय के अलावा उनके लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी ली। बच्चों द्वारा कलेक्टर मिश्रा को कलेक्टर, शिक्षक आदि बनने की जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने नन्हें–मुन्हे बच्चों के साथ इस महत्वपूर्ण क्षणों कैमरे में कैद करते हुए बच्चों के साथ फोटो भी खिचवाई। इस दौरान कलेक्टर ने संकूल समन्वयक एवं प्रधान पाठक से स्कूल में विद्याथएँ एवं बच्चों की कुल संख्या एवं उपस्थिति आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से बच्चे बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे।

## पेज 9 के शेष

### अस्वच्छ और नमी ....

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने किसानों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में लाए गए धान को तौल कर दिखाने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने तौल किए जा रहे किसान के धान साफ–सूथरा नही होने तथा किसान मान सिंह की धान में निर्धारित मात्र से अधिक नमी पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कृषक के धान की खरीदी पर रोक लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित कृषक द्वारा धान की समुचित साफ–सफाई एवं नमी का प्रतिशत ठीक होने के उपरांत ही उसकी धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित कृषकों को साफ–सूथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु धान खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र गुजरा में खरीदे गए धान को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए शेड का भी अवलोकन किया। इस मौके पर धान खरीदी केन्द्र गुजरा के अंतर्गत ग्राम सुवरबोड़ के कृषक प्रबल सिंह लारिया द्वारा अभी कुछ दिन पूर्व हुए असमय वर्षा के कारण उनके खेत में पानी भरने से फसल खराब होने पर मुआवजा प्रदान करने की मांग की। कलेक्टर ने किसान प्रबल सिंह की मांग को तत्काल संज्ञान में लेते हुए एसडीएम सुरेश साहू को कृषक को मुआवजा प्रदान करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र डौण्डी एवं गुदुम का भी निरीक्षण किया। धान खरीदी केन्द्र डौण्डी पहुँचरक कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं अधिकारियों से अब तक के कुल रकबा समर्पण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आज अपने धान की बिक्री करने वाले कृषक इंदलराम, जयमत बाई का तत्काल रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने खरीदे गए धान बोरों को तौलकर दिखाने को कहा। धान बोरों की स्थिति ठीक नही होने एवं अत्यधिक फटे पुराने होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं निगरानी समिति दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी के उपरांत धान बोरों की ठीक से सिलाई व्यक्त नही करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इन बोरों की तत्काल दुबारा सिलाई करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए उन्होंने समिति प्रंधक रजऊराम ठाकुर की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राठिया को इनके विरूद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने निगरानी दल में शामिल सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर इन सभी कार्यों का समुचित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कलेक्टर एवं अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र गुदुम में पहुँचकर वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने खरीदी के उपरांत धान बोरों को तौल कर भी दिखाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान में नमी की मात्र की जाँच की। इस मौक पर कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गुदुम के नोडल अधिकारी की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा नोडल अधिकारी चंद्रशेखर पटेल द्वारा अपने कार्य में अनुपस्थित रहने की जानकारी दिए जाने पर उनके विरूद्ध तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गुदुम के अंतर्गत शामिल गांवों में धान के पैदावार के संबंध में जानकारी लेते हुए पैदावार के आधार पर ही किसानों की धान खरीदी सुनिश्चित करने को कहा। मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में बारदानों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए बारदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु प्राप्त बारदानों का ठीक से छटनी कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने किसान कुटीर में पहुँचकर समिति प्रबंधक, डाटा ऑपरेटर आदि से धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्र, ग्रामवार धान का औसत उत्पादन धान खरीदी केन्द्रों में कराए गए रकबा समर्पण आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों एवं निगरानी दल में शामिल सभी अधिकारी–कर्मचारियों को रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों के धान बिक्री के उपरांत अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरते जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्र के अंतर्गत सभी ग्रामों में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए किसानों के संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित एसडीएम सुरेश साहू को ऐसे सभी कृषकों को सूचित कर अनिवार्य रूप से उनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी के सचिव को तलब कर धान खरीदी केन्द्रों के अंतर्गत लाईसेंसधारी, थोक एवं फुटकर व्यापारियों के संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने यह जानकारी सभी धान खरीदी केन्द्रों में इसकी जानकारी प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए।

### सरकारी रेट ...

क्या बदलेगा?:
सरकारी रेट वास्तविक बाजार भाव से जुड़ेगा
अंडर-वैल्यूएशन और ओवर-वैल्यूएशन में कमी
रजिस्ट्री, स्टाम्प शुल्क और मूल्यांकन प्रक्रिया सरल
निवेशकों और वित्तीय संस्थानों को सटीक मूल्यांकन
भूमि विवादों में कमीः सरकार का यह निर्णय भूमि सुधारों की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम माना जा रहा है, जिससे जमीन की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सहज हो सकेगी।

**कानूनी विशेषज्ञों का विश्लेषणः** भूमि कानून विशेषज्ञ डॉ. संजय तिवारी ने इसे ऐतिहासिक सुधार बताया। उनके अनुसार, सरकारी रेट और बाजार भाव के अंतर से कई विवाद और मुकदमे पैदा होते थे। यह अंतर खत्म होने से न्यायालयों पर बोझ भी कम होगा।

### नगर पालिका परिषद द्वारा ...

माध्यम से वेंडरों की प्रोफाइलिंग, डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा, क्षमता संवर्धन और सामाजिक-आर्थिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। शिविर में समुदायिक संगठक उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा और अभिजीत भगत सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय ...

हैं। पिछले वर्ष टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। प्रतियोगिता में इस बार भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन बेहद उत्कृष्ट रहा। प्रदेश ने 74 स्वर्ण, 34 रजत और 42 कांस्य सहित कुल 150 पदक जीतकर 578 अंक हासिल किए और लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दल के कुल 253 खिलाड़ी एवं सदस्य शामिल थे। बालोद की इन दोनों बेटियों की सफलता से परिवारजन, क्षेत्रवासी एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### देवकोट में भगवान ...

ग्रामीण सिन्हा समाज के अध्यक्ष लेखराम सिंह, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र, सचिव बरसन गजेंद्र, कोषाध्यक्ष धनश्याम सिन्हा, संतराम सिन्हा, महेंद्र कुमार सिन्हा, अनुसूइया गजेंद्र, पुजारी पतिराम सिन्हा, समस्त सिन्हा समाज एवं ग्रामवासी देवकोट की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### युवा दल में दो को मिली जगह

**जालबांधा।** सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल होने छत्तीसगढ़ के 68 युवाओं का दल गुजरात रवाना हुआ। दल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दल में जिले के जयप्रकाश और पेमेंद्र को जगह मिली है।यह दल गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक और प्रेरणादायक स्थलों का भ्रमण करेगा। राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाले विशेष सत्रों में शामिल होगा।

### 23 लाख से अधिक कीमत का धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं अनियमितताओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत बड़ी मात्रा में धान जप्त किया गया है। कार्रवाई के तहत एसके एंड सन्स ट्रेडर्स मोहला से 23 क्विंटल धान जप्त किया गया। वहीं राजू प्रसाद खंडेलवाल फर्म में रजिस्टर संधारित सही नहीं पाए जाने पर 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसी प्रकार साहू ट्रेडर्स मोहला की जांच में भी रजिस्टर संधारण में गड़बड़ी मिलने पर 28 क्विंटल धान जप्त किया गया। जिले में अभी तक अवैध धान के 10 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 761.801 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जप्त धान की अनुमानित कीमत 23 लाख 61 हजार 580 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 1 ट्रक और 1 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है।

### श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन आज

**डोंगरगांव।** मेरा दिल ए पुकारे आजा नाम से कल 15 नवंबर को सांगितिक श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन नगर के गरबा मैदान बाजार चौक में किया गया है। इस संगीतमय आयोजन में प्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी, मुकेश, किशोर कुमार, महेन्द्र कपूर आदि के गानों की प्रस्तुति नगर के गायक कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

### बच्चों ने किया रोचक प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छपारा में बीते शनिवार को बैगलेस डे के मौके पर बच्चे अपनी रुचि के अनुसार वेशभूषा धारण कर आएं। बच्चों ने बारी- बारी से कारपेट में रैंप वॉक करके प्रदर्शन किया। बच्चे छत्तीसगढ़ महतारी, बाल राधा-कृष्ण, फौजी, मराठी महिला, सोनपरी, महारानी, राऊत पोशाक, हीरो, शाही अंदाज, ग्रामीण महिला, दुर्गा आदि के रूप में शामिल हुए। अंत में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति हुई । अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मदन मंडावी, लोकनाथ कंवर, उगेश धुर्वे आदि शामिल हुए।

### भूगोल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने विविध स्थलों का भ्रमण कर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने भोरमदेव मंदिर की ऐतिहासिक विरासत का अवलोकन किया।

---

**आयोजन : ग्राम पंचायत ओडारसकरी में मितानिन दिवस मनाया गया**

# मितानिन दिवस पर मितानिनों का किया सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत ओडारसकरी में मितानिन दिवस मनाया गया। गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत ओडारसकरी में मितानिन दिवस पर गांव की मितानिनों को श्रीफल, साड़ी देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच अनिल सोनी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।

उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। मितानिन दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उपसरपंच, पंचायत सचिव, और सभी मितानिन दीदी सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।







## मितानिन दिवस पर स्वास्थ्य की दीदियों को किया सम्मानित

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही के सभाकक्ष में मितानिन दिवस को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। समारोह में स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिनों को साड़ी और श्रीफल भेंट कर उनके अथक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने मितानिनों के कार्यों की सराहना की। मितानिनों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और उनकी देखभाल सुनिश्चित करना है। वे मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्युदर को कम करने, स्वास्थ्य सेवाओं से लोगों को जोड़ने, और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य भी करती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने मितानिनों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा मितानिनें हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की असली नायिकाएं हैं। ये ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें में, जहां डॉक्टर या नर्स का पहुंचना कठिन होता है, वहां एक स्वास्थ्य दूत के रूप में कार्य करती हैं। मितानिनें केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि ये प्रेम, सेवा और समर्पण की भावना के साथ काम करने वाली स्वास्थ्य की देवी के समान हैं। उनके कारण ही संस्थागत प्रसव बढ़ा है और हमारे गांवो में शिशु एवं मातृ मृत्युदर में उल्लेखनीय कमी आई है। इस अवसर पर नगर पंचायत के कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

## मितानिनों के सम्मान के साथ भरदाकला में मनाया गया मितानिन दिवस

**बालोद/निकुम।** ग्राम पंचायत भरदा कला में मितानिन दिवस मना कर मितानिनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच क्रान्ति भूषण साहू ने कहा कि स्वस्थगत देखभाल में मितानिनों की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। इन लोगों के बदौलत स्वास्थ्य योजना को सफलता मिलता है। ग्रामीणों में स्वास्थ्य गत जागरूकता इन्ही लोगों के मेहनत से है। कार्यक्रम को ब्लाक समन्यक सरिता निषाद, ओम कुमारी देशमुख ने भी संबोधित करते हुए मितानिनों के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम के मितानिनों के आलावा ब्लाक समन्वयक सरिता निषाद, ओम कुमारी देशमुख, प्रेरक तामेश्वरी साहू यशु साहू, इन्द्र कुमार धनकर, राकेश साहू, बालमुकुंद कलिहारी, टेशू राम साहू, पलटी राम साहू, भूनेश्वर साहू सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रेरक तामेश्वरी साहू ने किया। मितानिनों का स्वागत ग्राम पंचायत सदस्य नमेश्वरी बांधव, अनिता साहू द्वारा किया गया।

## पेंडारी में मितानिन दिवस पर मितानिनों का सम्मान किया गया

**बालोद।** ग्राम पंचायत पेंडारी में मितानिन दिव मनाया गया। इस अवसर पर मितानिनों का सम्मान सरपंच हितेश्वरी ठाकूर ने किया। उन्होंने कहा कि गांव में स्वास्थ्य सेवा का रीड है मितानिन बहने। उनके द्वारा किए गए सेवा अनुकरणीय है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पेण्ट्री द्वारा मितानिनों का सम्मान यशोदा ठाकुर, किर्ति साहू, शिवकुमारी साहू, जितेश्वरी ठाकुर, जानकी साहू, कौशिल्या यादव व मितानिन उपस्थित रही।



## मितानिन बहनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान समारोह

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत कसही लो में रविवार को मितानिन बहनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिन बहनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच एन. कुमारी राण्डे ने कहा कि मितानिन बहनें गांव-गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के साथ कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रसव, टीकाकरण, पोषण और आपात स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिन बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरपंच ने सभी



कार्यकर्ताओं को निरंतर सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।ग्राम सचिव खिलेश्वरी भुआर्य ने कहा कि मितानिन बहनों की जिम्मेदारी सिर्फ स्वास्थ्य कार्यों तक सीमित नहीं होती, बल्कि उन्हें हर परिवार तक सटीक जानकारी पहुंचाने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान में भी योगदान देना होता है। उन्होंने कहा कि यह सेवा भाव और समर्पण उन्हें विशेष बनाता है।पंच यशवंत कुमार साहू ने सभी मितानिन बहनों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है तो इसका बड़ा श्रेय मितानिन बहनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर पंच खिलेश्वरी भुआर्य, मितानिन सरोज साहू, परदेशिनबाई, सलिन भुआर्य, पेमिन यादव, प्रेरक डामिन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निशा मंडावी, सुखदी कोमरे सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

---



## बैगलेस डे पर काष्ठ कला प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खैरा में शनिवार को बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उन्हें पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से काष्ठ शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में ग्राम देवरी निवासी और काष्ठ शिल्प के कुशल कलाकार दीपक तारम ने प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। दीपक तारम लकड़ी की नक्काशी, मूर्तिनिर्माण, वर्ण लेखन तथा लकड़ी से बने विभिन्न मॉडलों की कला में प्रवीण हैं और वे छत्तीसगढ़ की लुप्त होती पारंपरिक कला को फिर से जीवित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। बच्चों को इस कला से परिचित कराने के लिए शाला के शिक्षक खेमन्त साहू द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान दीपक तारम ने बच्चों को काष्ठ शिल्प के औजारों, उपयोगी लकड़ी, नक्काशी की बारीकियों और कटिंग के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राओं को वे निःशुल्क प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएंगे।

कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंड्रे तथा शिक्षक लक्ष्मी कांत नेताम, केशव सिहारे, खेमन्त साहू, टिकेश्वरी हरदेल और बरखा साहू उपस्थित रहे। शाला प्रबंधन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों में कला के प्रति नई उत्सुकता और आत्मविश्वास जगाने में सफल रहा।

## सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

गुण्डरदेही तहसील सतनामी समाज से अलग होकर अस्तित्व में आने वाले अर्जुंदा तहसील सतनामी समाज का गठन होने के पश्चात प्रथम त्रिवर्षीय कार्यकाल संपन्न होने के पश्चात द्वितीय त्रिवर्षीय पदाधिकारीयों का गठन निर्वाचन होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतथि उपाध्यक्ष जिला भाजपा मंडल टिनेश्वर बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष बालोद सोना देवी देशलहरा, जिला महंत बालोद सुबेदश रात्रे, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुर्रे, सेवानिवृत शिक्षक पंचराम कुर्रे, धनेश गेन्ड्रे इन अतिथियों के उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु मिनीमाता का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों शपथ दिलाया गया साथ ही प्रमाणपत्र भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिनेश्वर बघेल ने कहा कि आज सतनामी समाज में संगठन कि कमी नजर आ रहा है हम सबको एक साथ मिलकर रहना अति आवश्यक हो गया है। साथ ही हमारे समाज में आज बच्चे शिक्षा से बिछड़ते जा रहे हैं । उसमें सुधार लाने की जरूरत है। तथा समाज को नशामुक्त के ओर ले जाने की जरूरत है। इसलिए समस्त सतनामी समाज के सामाजिक बंधुओ से आग्रह करता हूं कि बाबा जी के बताए हुए सभी मार्गों पर चलने का प्रयास करें। कार्यक्रम में भूषण चतुर्वेदी, पुनीत चतुर्वेदी, कामना कुर्रे, जवाहर गेन्ड्रे, डोमन, बुधियार, पुरुषोत्तम मडले, सुधीर, सौखी राम, महावीर चंदेल तथा अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



## कंप्यूटर ऑपरेटरों ने ज्वाइनिंग देने की मांग को लेकर कलेक्टर व विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छ.ग. समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा अनिश्चित कालीन आंदोलन स्थगन उपरांत कार्य में ज्वाईनिंग देने की मांग करते हुए कलेक्टर व विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौपा है।

- जॉइनिंग में हो रही देरी से कर्मचारियों में नाराजगी

ज्ञापन मे कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ व छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त तत्वाधान में 3 नवंबर 2025 से समिति में कार्यरत सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले गए थे, जिसके 19 वें दिन शासन से वार्तालाप करके मांगों पर सहमति बनी व आश्वासन उपरांत लोकहित, जनहित, समिति हित व किसान हित को देखते हुए अपना आंदोलन स्थगन कर 24 नवंबर 2025 को सभी कर्मचारी कार्य पर उपस्थित हो गए हैं। समिति में वापसी हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जॉइनिंग नहीं दिया जा रहा है तथा जिला उप पंजीयक द्वारा जारी देश में समिति कर्मचारियों को समिति कार्य का प्रभार लेने का उल्लेख किया गया है, परंतु डाटा एंट्री के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है, जिससे भ्रामक स्थिति पैदा हो गई है। इस मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने डाटा एंटी आपॅरेटरो को ज्वाईनिंग देने के लिए कलेक्टर से चर्चा की।

---

**विद्यालय निरीक्षण में छात्रों को प्रोत्साहित की**

# कलेक्टर मिश्रा का ग्राम गुजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सोमवार को विकासखंड डौंडी के ग्राम गुजरा में आकस्मिक निरीक्षण करते हुए धान उपार्जन केंद्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सबसे पहले कलेक्टर धान उपार्जन केंद्र गुजरा पहुँचीं, जहाँ उन्होंने धान खरीदी की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को साफ एवं





सूखा धान लाने की समझाइश देते हुए कहा कि खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निगरानी समिति में कार्यरत अधिकारियों को भी आवश्यक सावधानियाँ बरतने की चेतावनी दी। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर टोकन प्रक्रिया एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा–निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से बातचीत की और उन्हें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों एवं उनके पालकों से नियमित चर्चा करें तथा पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करें।

कलेक्टर मिश्रा ने गांव में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ व अन्य कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने मितानिन एवं महिला समूह की सदस्याओं से भी जानकारी लेकर कार्य की प्रगति जानी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा फुटकर धान व्यापारी पन्नूलाल के घर भी पहुंचीं, जहाँ मंडी टीम द्वारा जब्त किए गए अवैध धान का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि जब्त धान के सभी बोरों पर तुरंत सील लगाई जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, एसडीओ (राजस्व) डोंडी सुरेश साहू, भाजपा मंडल कुसुमकसा के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी, ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच पार्वती मंडावी, समिति अध्यक्ष हितेश साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सर्व आदिवासी समाज कल हर गांव में मनाएगा संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

सर्व आदिवासी समाज डौंडी द्वारा आगामी 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस के अवसर पर पूरे ब्लॉक के ग्रामों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। समाज ने इस दिन को बच्चों और नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाने का आह्वान किया है।

- ब्लॉक में व्यापक जागरूकता अभियान का निर्णय

समाज की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी को निवेदन कर ब्लॉक के सभी स्कूलों और ग्राम पंचायतों में संविधान दिवस मनाने की व्यवस्था करने की अपील की गई है। इस



कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, संविधान के महत्व पर लघु भाषण, तथा नागरिकों और बच्चों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। निर्णय अनुसार, यह कार्यक्रम प्रत्येक गाँव में अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाएगा। बैठक में सर्व आदिवासी समाज डौंडी के अध्यक्ष रोहित माहला, महासचिव सुन्हेर कोसमा, मीडिया प्रभारी समीर धुर्वा, जनपद सदस्य तुलेश्वर, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन ब्लॉक डौंडी के अध्यक्ष देव कोर्राम, सदस्य आशिष आर्य, उपाध्यक्ष आरती कुमेटी, तथा राहुल दर्रो सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अपील की कि वे इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें। कहा गया कि सभी की सहभागिता से संविधान दिवस को सार्थक और प्रभावी रूप से मनाया जा सकेगा।

खबर संक्षेप



## रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन मनाया

**दुर्ग।** लोक संस्कृति सेवा भजन फाग एवं जस झांकी संघ जिला दुर्ग के तत्वावधान में गोवर्धन चौक उरला में रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन समारोह आयोजित गया। जिसमें लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया । संघ की ओर से सभी को रक्तदान वीर से सम्मानित व प्रशस्ति पत्र दिया गया। आगामी आयोजन के बारे में चर्चा की गई। साथ ही दुर्ग जिले के 150 मंडली के आयोजन समिति एवं प्रतिभागी मंडली द्वारा दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में उरला वार्ड 56 के पार्षद उपस्थित थे। कार्यक्रम में रचनाकार पुरन साहू, ग्वाल निषाद, धनराज निर्मलकार, यशपाल यादव, चेतन यादव , महेश बर्मन, रत्नू चौधरी, मंगल वर्मा, लोकनाथ, देवा देशमुख, संघ के अध्यक्ष पवन यादव सचिव दुर्वासा मेश्राम, हेमंत चौहान, जयदेव यादव , संजय यादव, एवन साहू, राजा एवं संघ के सदस्य उपस्थि थे यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।

## 15 दिसंबर तक डेटा अपडेट करने के निर्देश

दुर्ग। संचालनालय कोष एवं लेखा. द्वारा जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में शासकीय सेवकों का समस्त डेटा शत-प्रतिशत अद्यतन करने तथा ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। वर्तमान में ई-पेरोल और कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में प्रविष्टियों में अंतर पाया जा रहा है। ई-पेरोल में वेतन देयक तैयार करने के लिए अलग से जानकारी भरनी पड़ती है, जिससे दोनों मॉड्यूल में भिन्नता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या को दूर करने तथा दोनों मॉड्यूल में एकरूपता स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। माह दिसंबर 2025 के वेतन देयकों का निर्माण केवल कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में अद्यतन की गई प्रविष्टियों के आधार पर ही किया जाएगा। ई-पेरोल में नाम, पदनाम, मूल वेतन, श्रेणी आदि सभी जानकारियां सीधे कार्मिक सम्पदा से ली जाएंगी। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का कार्मिक सम्पदा डेटा 15 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से अद्यतन कर दें। यदि प्रविष्टियाँ पूर्ण नहीं की गईं, तो दिसंबर माह का वेतन देयक तैयार करने में गंभीर कठिनाइयां आ सकती हैं, क्योंकि इस माह के वेतन देयक केवल कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल पर आधारित रहेंगे।

## किसान दिवस का आयोजन, दी खेती-किसानी की जानकारी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसान सम्मान समारोह का आयोजन कर वाराणसी उत्तर प्रदेश से 21वीं किश्त की राशि प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे देश में किया गया, जिले में कार्यक्रम का आयोजन जिला, विकासखण्ड, सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत पर किया गया।

प्रवचन

### निष्काम प्रेम और माधुर्य भाव को बताया भक्ति का सर्वोच्च मार्ग

# सांसारिक कामनाओं से रहित होना ही सच्ची भक्तिः स्वामी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 18 वे दिन स्वामी युगल शरण ने बताया कि भक्ति प्राप्ति की क्या क्या शर्तें है।

इस पर प्रकाश डाला और बताया मोक्ष पर्यन्त भी कामना ना करें। ब्रह्मलोक तक सुख की कामना ना करें। भक्ति को कर्म और ज्ञान की आवरणों से अनाच्छन्न रखना।. संसार नहीं माँगना। क्योंकि प्रारब्ध को काट के भगवान संसार नहीं दे सकते। अपने को जीव नहीं मानना। भगवान से बड़ा या बराबर मानना। अगर जीव मानोगे तो प्यार नहीं कर पाओगे। उनको यदि सखा मानकर अर्थात बराबर मानकर या पुत्र मानकर अर्थात उनसे बड़ा मानकर प्यार करोगे, तो उनको डाँट पाओगे और उनको डांट सुनना सुख लगता है। भगवान को भगवान मानकर प्यार नहीं करना अर्थात भगवान की भगवत्ता हटाकर उनके मधुर रूप श्रीकृष्ण से प्यार करना। भगवान का अर्थ वेदव्यास ने देवी भागवत पुराण में बताएँ है, जिसके पास अनंत ऐश्वर्य, अनंत ज्ञान, अनंत धर्म, अनंत यश, अनंत वैराग्य, अनंत नाम, अनंत सौंदर्य है। भगवान



को देखने के लिए दिव्य दृष्टि चाहिए। ऐसे पर्सनालिटी से हम प्यार कैसे कर पाएंगे। ऐश्वर्य में तो प्यार सिकूड़ जाता है।

उनको अपना मानकर पाँचो भावों से प्यार करना। वह पांचों भाव– शांत भाव, दास्य भाव, सख्य भाव, वात्सल्य भाव और माधुर्य भाव। शांत भाव इसमें भक्त का राजा और प्रजा का भाव रहता है अर्थात श्रीकृष्ण राजा और वह प्रजा। रामानुजाचार्य शांत भाव का उपासक थे। दास्य भाव इसमें भक्त अपने को दास और श्रीकृष्ण को स्वामी मानता है। तुलसीदास, हनुमान इसका उदाहरण हैं। सख्य भाव श्रीकृष्ण मेरा सखा है, ये भाव रहता है। उदाहरण सुदामा, अर्जुन। वात्सल्य भाव श्रीकृष्ण मेरा पुत्र है, ये भाव रहता है। उदाहरण– यशोदा, शची माता। माधुर्य भाव इसमें श्रीकृष्ण मेरा प्रियतम है और मैं उनका प्रेयसी ये भाव रहता है। उदाहरण गोपियाँ माधुर्य भाव 6 प्रकार का है साधारणी रति, समंजसा रति, समर्था रति। साधारणी रति साधारणी रति केवल अपना सुख देखते हैं। ये सकाम भक्त उदाहरण कुब्जा। ये साधना भक्ति, भाव भक्ति, प्रेमा भक्ति तक जा सकते हैं। श्रीकृष्ण हमारे प्रियतम, हम उनके प्रेयसी। समंजसा रति वाले अपना सुख भी देखते हैं, श्रीकृष्ण का सुख भी देखते हैं, उदाहरण–रुक्मिणी, सत्यभामा, महालक्ष्मी ये साधना भक्ति, भाव भक्ति, प्रेमा भक्ति, स्नेह भक्ति, मान भक्ति, प्रणय भक्ति, राग भक्ति, अनुराग भक्ति तक जा सकते हैं, इससे आगे नहीं। समर्था रति वाले केवल श्रीकृष्ण का सुख ही देखते हैं। निष्काम भक्त हैं। तत्सुखसुखित्वम्‌ या श्रीकृष्ण सुखैकतात्पर्यमयी सेवा उनके सिद्धान्त है। इसका उदाहरण है ब्रजगोपियाँ। इसमें ये साधना भक्ति, भाव भक्ति, प्रेमा भक्ति, स्नेह भक्ति, मान भक्ति, प्रणय भक्ति, राग भक्ति, अनुराग भक्ति, भावावेश भक्ति तक जा सकते हैं। इसके आगे महाभाव भक्ति। केवल राधारानी ही इसी भाव तक जा सकते हैं।

शांत भाव उच्च रसिकों को विशेष मान्य नहीं है, अतएव प्रायः चार ही भावों के उपासक पाये जाते हैं। दास्य, सख्य, वात्सल्य और माधुर्य माधुर्य भाव में चार भावों का समावेश रहता है– शांत, दास्य, सख्य, वात्सल्य भाव, माधुर्य भाव। वात्सल्य भाव में शांत, दास्य, सख्य, वात्सल्य भाव रहता है और सख्य भाव में शांत, दास्य, सख्य भाव रहता है। पांच भावों में माधुर्य भाव सर्वोच्च है।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर ग्राम संपर्क अभियान तेज



**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में शताब्दी वर्ष उत्सव मना रहा है। इसी अवसर पर संघ द्वारा वर्षभर संचालित किए जा रहे ग्राम संपर्क अभियान के तहत वनांचल शिक्षा सेवा न्यास, जनजाति क्षेत्र शिक्षा जिला बालोद में ग्राम-ग्राम के प्रत्येक परिवार तक पहुँचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला समन्वयक पुषण लाल भुआर्य ने बताया कि नगर, बस्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में गृह संपर्क अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार तक संघ के व्यक्ति-निर्माण के कार्य, उसके उद्देश्य और राष्ट्र-निर्माण में संघ के योगदान की जानकारी घर-घर जाकर पहुँचाना है। साथ ही आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए निमंत्रण भी दिया जा रहा है। संघ कार्यकर्ता 100 वर्षों की यात्रा और पंच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन तथा नागरिक कर्तव्य बोध—के संदेशों को प्रत्येक घर तक पहुँचा रहे हैं। संघ का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से देशभर के लगभग 25 करोड़ परिवारों तक पहुँचने का है। अभियान के दौरान स्वयंसेवक घर–घर जाकर भारत माता का चित्र, संघ परिचय पत्र एवं साहित्य भेंट कर रहे हैं। वे परिवारों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को समझते हैं और पंच परिवर्तन के विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हैं। अभियान में प्रमुख रूप से पुषण लाल भुआर्य, जिला समन्वयक बालोद, नंदलाल कोसमा (प्रधानाचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमकसा), अमीरदास कृषाणें (संकुल समन्वयक डौंडीलोहारा), हरिश्चंद्र कश्यप, टामिन बाई निषाद, अरूणा बाई, हर्षिका साहू, पूजा देवांगन, वीणा टेकाम सहित अनेक स्वयंसेवक सक्रि4य रूप से जुड़े रहे।संघ के अनुसार यह अभियान समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने की जरूरत : वैराग्य मुनि

**बालोद।** आत्मा से परमात्मा बनने की राह बताने वाले भगवान महावीर स्वामी को तो हम मानते है किंतु उनके बताए मार्ग या उपदेशों को आत्मसात नही करते है तो यह हमारे लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। आत्मा के कल्याण का जो मार्ग उन्होंने बताया वह मनुष्य भवमे ही सम्भव है।



संत वैराग्य मुनि ने कहा कि हम कई भवों से इंद्रियों में सुख खोज रहे है, पदार्थो के प्रति आसक्ति बनाये हुए है किंतु फिर भी सुख को प्रप्त नही कर सके है। सुख अनासक्ति में, त्याग में, सरलता में एवं कर्मो की निर्जरा में है। उन्होने कहा कि भगवान ने अधिकार से कर्तब्यों का अधिक महत्व बताया है क्योकि धर्म की शुरुआत ही कर्तब्य से शुरू होता है। आज अधिकार को ज्यादा ओर कर्तब्य को कम महत्व दिया जाता है इसलिए परिवारों में प्रेम कम और तनाव ज्यादा दिखाई देता है। इसी तरह राग द्वेष भी आत्मकल्याण और धर्म मे बाधक होता है किंतु आज धर्म के नाम पर ही राग द्वेष हो रहे हैं। समता का भाव रखने वाले प्रतिकूलता में भी दुखी नही होते इसलिए भावों में समता का समावेश रखें। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने साधर्मिक भक्ति को सबसे अधिक महत्वपूर्ण बताया है। परिवार में, रिश्तेदारों में, पड़ोस में या समाज में कोई दुखी या अभावग्रस्त है उसे सहयोग प्रदान करना साधर्मिक भक्ति है। जीवन मे सुख और दुख कर्मों के योग से प्राप्त होते हैं। अतः अच्छे कर्मों का योग कर पूण्य का संचय करें। जिससे कि जीवन मे सुख शांति की प्राप्ति हो सके। संत वैराग्य मुनि एवम बाल संत हंसभद्र मुनि का कल बालोद से दल्ली की ओर विहार होगा।

# कलेक्टर दिव्या ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम गुजरा एवं गुदुम में पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे



बीएलओ एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को इस कार्य को विशेष सावधानी के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम गुजरा में विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग प्रदान कर रही मितानिनों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम सुरेश साहू से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत एक आदर्श फॉर्मेट को कार्य स्थल पर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम पंचायत भवन गुदुम में पहुंचकर वहां बीएलओ एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर एक बीएलओ के द्वारा 75 प्रतिशत एवं दो अन्य बीएलओ के द्वारा 70 प्रतिशत कार्य होने की जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर मिश्रा ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए उतकृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिला स्तर पर सम्मानित करने की जानकारी भी दी गई।

# वनांचल के बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गुरुर ब्लॉक के वानंचल क्षेत्र ग्राम बड़भूम मे सेवानिवृत अपर कलेक्टर आईएल. ठाकुर एवं अधिकारी कर्मचारी समिति के द्वारा प्रत्येक रविवार को पूर्व माध्यमिक शाला भवन मे जवाहर नवोदय विधायल प्रवेश परीक्षा 2025 –26 के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है।



ज्ञात हो की सेवानिवृत अपर कलेक्टर इसी विद्यालय से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है और आदिवासी अंचल से छोटे से ग्राम जंगली भेजा से अपर कलेक्टर तक का सफर तय किया। अब सेवानिवृत होने के बाद भी उनकी सोंच है की वानंचल के वर्तमान परिवेश के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च प्रशानिक पद पर पहुंचे। इसलिए उनके द्वारा अधिकारी कर्मचारी समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत व्यख्याता एचके. कुंजाम के एवं कर्मचारी समिति के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय मे

■ अधिकारी–कर्मचारी समिति का सराहनीय प्रयास

प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है, कोचिंग मे बड़भूम पंचायत सहित कंकालीन गोटाटोला के बच्चे भी शामिल हो रहे है। अधिकारी कर्मचारी समिति एवं ग्रामवाशी के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र मे वंनाचल के आदिवासी बच्चे भी आगे बढ़ कर अपना नाम रोशन करे इसके लिए सार्थक प्रयास है। इस निःशुल्क मे समिति के सदस्यसेवानिवृत लेखापाल साधुराम कुरैटी, सेवानिवृत आरआई. सखाराम कुरैटी, सेवानिवृत शिक्षक श्यामलाल नेताम, मिडिया प्रभारी, पूर्व सरपंच शिवम कुरैटी सहित सभी सदस्यों एवं ग्राम वाशियो का सहयोग मिल रहा है।

# एनएसएस सात दिवसीय शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत पिनकापार में शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय के एनएसएस विग द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैंप के समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। शिविर के समापन समारोह में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती का पूजन किया। उन्होंने एनएसएस स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सभी विद्यार्थी अनुशासित रहेंगे एवं सेवा भाव अपनाएं। यह हमें राष्ट्रनिर्माण के कर्तव्यों का बोध कराता है साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के महत्त्व के बारे में विस्तार से व अनुशासन के बारे में

■ कैंप के समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी हुए शामिल

बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि छै का यह विशेष शिविर युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का विकास केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से होता है और एनएसएस के स्वयंसेवक इसी भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। अतिथियों ने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों का की सराहना की। स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया और साक्षरता तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाई। अतिथियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी पढ़ाई के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लें।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, प्राचार्य चावरे, प्रधानपाठक सेन, पवन जोशी, डीएस सहारे, आरपी निषाद, डॉ अभिषेक पटेल, एके भोई, उपसरपंच यादराम ठाकुर, सभी पंचगण, सभी शिक्षकगण, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्रएं उपस्थित थे।

# दुर्घटना में घायल परिवारों को संबल देने के लिए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सड़क दुर्घटना में घायल परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु विश्व यादगार दिवस पर प्रभु उपहार भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

■ यातायात नियमों के पालन पर विशेषज्ञों ने दिया महत्वपूर्ण संदेश

■ ब्रह्माकुमारीज़ ने आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझाई सुरक्षा की आवश्यकता

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती तथा टीआई सुनील तिकऍ व ब्रह्माकुमारी बीके सरिता धमतरी जिले की समस्त ब्रह्मा कुमारीज संचालिका के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न किया गया। साथ ही ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गुरूर की संचालिका बीके सरस दीदी, बीके मधु बहन, बीके परमेश्वरी बहन ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन गुरूर के समस्त बीके भाई बहन भी उपस्थित रहे।





अपने उद्बोधन में डॉ सुनील ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम हमारी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए है इन नियमों के उलंघन से ही दुर्घटना होती हैं। जिससे हमें शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति का सामना करना पड़ता है।

टीआई सुनील तिकऍ ने कहा कि इन दुर्घटना का शिकार सिर्फ युवा वर्ग 18 से 40 वर्ष में ही बहुत देखा गया है। यातायात के नियमन में सड़क संकेत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और वे सड़क सुरक्षा सुरक्षित करने के लिए आधारभूत आवश्यक तत्त्व हैं उन्होंने बहुत ही विस्तार पूर्वक यातायात के नियमों को समझाया। इसी संदर्भ मे बीके सरिता दीदी ने सुरक्षा को एक आध्यात्मिक दृष्टिकोण देते हुए कहा कि हमारी मानसिक अशांति भी कही ना कही इन दुर्घटना को अंजाम देने का एक कारण होती हैं आज की दौड़ती भागती जिंदगी के साथ साथ हमारा मानसिक स्थिरता भी कहीं खो गया है हमारी मानसिक स्थिरता ही हमे सही निर्णय व सही दिशा में सोच को संबल देती है अतः इसके लिए हमे आध्यात्म से जुड़ना जरूरी है। क्योंकि दुर्घटना में मौत होने से परिवार के साथ समाज में भी इसका प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता ही है। इसलिए सावधानी पूर्वक आत्मिक संतुलन और संयम पूर्वक गाड़ी चलाएं तो निसंदेह समाज में हम सड़क दुर्घटना को रोकथाम में सहयोग दे सकते हैं। बीके सरस दीदी ने सड़क सुरक्षा नियम पर शपथ ग्रहण व आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम का संचालन वर्षा बहन किया कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथि जनों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

## संभाग आयुक्त ने धान उपार्जन केन्द्र अण्डा और कुथरेल का निरीक्षण किया

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने धान उपार्जन केन्द्र अण्डा और कुथरेल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां अब तक की धान खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, बारदाने, धान की नमी, स्टेग आदि की जानकारी ली और मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संभाग आयुक्त श्री राठौर उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर धान की पैदावारी और खरीदी हेतु सरकार की व्यवस्था की जानकारी ली।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को नांदी फाउंडेशन ने किया सम्मानित

# आईटीआई में नांदी फाउंडेशन का छह दिवसीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) डौंडी लोहारा में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा संचालित नांदी फाउंडेशन के तत्वावधान में 17 नवंबर से 24 नवंबर तक प्रशिक्षणार्थियों के लिए छह दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवा प्रशिक्षणार्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाना था।



छह दिनों तक चले प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को लाइफ स्किल, सॉफ्ट स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, प्रेजेंटेशन स्किल और इंटरव्यू स्किल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। नांदी फाउंडेशन की प्रशिक्षक तक्षणा थावरे एवं वैभव देवांगन ने गतिविधि आधारित शिक्षण, टीम वर्क, दैनिक टास्क और गेम्स के माध्यम से प्रतिभागियों में सीखने की रुचि एवं आत्मविश्वास को बढ़ाया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 24 नवंबर को संस्था के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने-अपने द्वारा तैयार किए गए व्यक्तिगत रिज्यूमे प्रस्तुत किए। संस्था के प्राचार्य आर.के. कुर्रे ने एम्प्लॉयबिलिटी स्किल की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करने के लिए बहुआयामी कौशल एवं मानसिक तैयारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नांदी फाउंडेशन के प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा आगे भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की बात कही। नांदी फाउंडेशन की ओर से छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह और बढ़ा। समापन कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी जी.आर. ठाकुर, सी.के. देशमुख, पी.एल. साहू, ओ.पी. देवांगन, डी.आर. मढ़रिया, नीरज यादव, निर्मला गायकवाड़, सेबिया साहू, पदमा राव, पूजा, शीतल कुमार सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411